भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1416

जिसका उत्तर मंगलवार, 08 दिसम्बर, 2015 को दिया जाना है

नेट्रिप में नियुक्तियां

1416. श्री राघव लखनपाल:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) चालू वर्ष में नेट्रिप में वरिष्ठ पदों पर की गई नियुक्तियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) इन नियुक्तियों में अपनाई गई नीति और प्रक्रिया का ब्यौरा क्या है;

(ग) गत एक वर्ष में उपलब्ध कराए गए अनुदान के माध्यम से कुल कितनी निधि प्रदान की गई है;

(घ) क्या सरकार को इन निधियों के उपयोग में अनियमितताओं से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त हुई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री

(श्री जी० एम० सिद्देश्वर)

(क): चालू वर्ष के दौरान वरिष्ठ स्तर पर निम्नलिखित नियुक्तियां की गई थीं:-

1. सीईओ एवं पीडी, नेटिस- खुले विज्ञापन के माध्यम से।
2. निदेशक (वित्त एवं प्रशा.), नेटिस- लेखा नियंत्रक, भारी उद्योग विभाग को अतिरिक्त प्रभार दिया गया।

(ख):

1. सीईओ एवं पीडी, नेटिस के पद का विज्ञापन अग्रणी राष्ट्रीय समाचार-पत्रों तथा भारी उद्योग विभाग और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइटों पर दिया गया था। चयनित अभ्यर्थियों को आमंत्रित करके साक्षात्कार लिया गया था और अंतिम अभ्यर्थी का चयन एसीसी के अनुमोदन से किया गया था।
2. निदेशक (वित्त एवं प्रशा.), नेटिस के पद का विज्ञापन अग्रणी राष्ट्रीय समाचार-पत्रों तथा भारी उद्योग विभाग की वेबसाइट पर दिया गया था। तथापि, कोई भी उपयुक्त अभ्यर्थी नहीं मिला। इस बीच, लेखा नियंत्रक, भारी उद्योग विभाग को निदेशक (वित्त एवं प्रशा.), नेटिस का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

(ग): गत एक वर्ष के दौरान सरकारी अनुदान के माध्यम से नेट्रिप को उपलब्ध कराए गए कुल वित्तपोषण का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

स्वीकृत आदेश और तारीख	प्राप्ति की तारीख	राशि ₹ करोड़ में
2(1)/13-नेटिस 13.06.2014	28.06.2014	100.00
2(1)/13-नेटिस 28.10.2014	29.10.2014	141.91

(घ): इन निधियों के उपयोग में अनियमितताओं से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

(ङ): लागू नहीं।

******